an>

Title:  The Speaker congratulated the scientists of ISRO for successful launch of 104 satellites in orbit from Sriharikota, Andhra Pradesh.

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, 15 फरवरी, 2017 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने श्रीहरिकोटा से 104 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया। यह एक ऐसी उपलब्धि है जो कोई भी अन्य देश अब तक हासिल नहीं कर पाया है। ऐसा करके हमारे देश ने एक बार फिर अंतरिक्ष प्रयासों के क्षेत्र में अपनी दक्षता एवं क्षमता का प्रदर्शन किया है। हमारे अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की इस विशिÂट उपलब्धि ने देश को गौरवान्वित किया है।

यह सभा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिकों को बधाई देती है और उनके भावी प्रयासों में भी सफलता की कामना करती है।